an>

Title: Need to establish a Sainik School, CSD canteen and Sainik Welfare Board in Aurangabad district, Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : बिहार का औरंगाबाद जिला कई राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ा शहर है और कई राज्यों जैसे झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश आदि के समीप है। यह जिला वामपंथ उग्रवाद से भी प्रभावित है और इस क्षेत्र के अधिकांश लोग सेनाओं और अर्धसैनिक बलों में कार्यरत है।

सरकार से मेरा आग्रह है कि औरंगाबाद, बिहार में एक सैनिक स्कूल और सैनिक कैंटीन की स्थापना की जाए और सैनिक कल्याण बोर्ड का भी गठन किया जाए ताकि इस क्षेत्र के कार्यरत सैनिकों और निवासियों का सम्यक विकास और कल्याण हो।